आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 03.10.2024

मुख्य समाचारः–

1– राज्यपाल रमेन डेका ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में निवेशक सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा।

2– केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट का आज किया शुभारंभ।

3– छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक नवंबर को राज्य के सभी शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश घोषित।

4– मां शक्ति की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र आज से शुरू–मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए।

राज्यपाल–केंद्रीय वित्त मंत्री

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। इस अवसर पर श्री डेका ने केंद्रीय मंत्री से विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के द्वारा छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के संबंध में चर्चा की। इसके अलावा राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ को एक समृद्ध अर्थव्यवस्था बनाने के दृष्टिकोण के साथ छत्तीसगढ़ निवेशक सम्मेलन के आयोजन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि इस तरह के निवेश से छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

जशपुर–एकलव्य आवासीय विद्यालय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल झारखंड के हजारीबाग से जशपुर जिले के सुखरापारा स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का वर्चुअली लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम ढुढरूडांड़ और फरसाबहार में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की आधारशिला भी रखी। इस मौके पर सुखरापारा में आयोजित कार्यक्रम में सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव विधायक गोमती साय भी उपस्थित थीं। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आम का पौधा लगाया।

गौरतलब है कि सुखरापारा स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के निर्माण के लिए साढ़े सैंतीस करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। प्रथम चरण में उन्नीस करोड़ चालीस लाख रूपये की लागत से कार्य पूरा हो चुका है। वर्तमान में दसवीं तक की पढ़ाई विद्यालय में संचालित की जाएगी। वहीं, दूसरे चरण का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद बारहवीं तक की पढ़ाई शुरू होगी।

सरकार–इंटर्नशिप

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट का आज शुभारंभ किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने केंद्रीय बजट में इस योजना की घोषणा की थी और इसका उद्देश्य पांच वर्षों में देश की शीर्ष पांच सौ कंपनियों में एक करोड युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। कार्पोरेट कार्य मंत्रालय के सूत्रों ने बताया है कि सरकार ने इस पायलट प्रोजेक्ट के लिए आठ सौ करोड रुपये की राशि निर्धारित की है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में सवा लाख इंटर्नशिप देने का है। इस योजना का कार्यान्वयन ऑनलाइन पोर्टल पीएम इंटर्नशिप डॉट एमसीए डॉट जीओवी डॉट

इन के माध्यम से किया जाएगा। उम्मीदवार इस महीने की बारह से पच्चीस तारीख तक इस पोर्टल पर इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं।

हरित शिखर सम्मेलन

रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान परिसर में आज प्रथम छत्तीसगढ़ हरित शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। उन्होंने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए सभी को सहभागिता निभानी होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर छत्तीसगढ़ में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत चार करोड़ पौधारोपण करने का जो लक्ष्य रखा गया था, उसे पूरा कर लिया गया है।

राज्य स्थापना दिवस–स्थानीय अवकाश

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक नवंबर को राज्य के सभी शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश बैंक, कोषालय, उप–कोषालय और अन्य वित्तीय संस्थान के लिए लागू नहीं होगा। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

मन की बात–दस साल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के आज दस वर्ष पूरे हो गए हैं। वर्ष दो हजार चौदह में आज ही के दिन श्री मोदी ने आकाशवाणी पर इस कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करना शुरू किया था। कार्यक्रम की दस वर्षों की इस यात्रा में, प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण और सामान्य व्यवहार जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री तथा आम नागरिकों के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। पिछले महीने मन की बात में, श्री मोदी ने कहा था कि कार्यक्रम की दस साल की लंबी यात्रा ने एक माला का रूप ले लिया है, जिसकी हर कड़ी में नये अनुभव, नई कहानियां और नई शख्सियतें जुड़ती चली गईं।

माओवादी मुठभेड़

सुकमा जिले के चिंतागुफा क्षेत्र में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में कई माओवादियों को गोली लगने की खबर है। बताया जा रहा है कि सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम बोटेलंका, एरनपल्ली और आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग पर निकली थी। इस बीच, माओवादियों के पीएलजीएल बटालियन के सदस्यों से सुरक्षा बलों की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने माओवादियों के अस्थायी कैम्प को ध्वस्त कर दिया। घटनास्थल से भारी मात्रा में माओवादियों द्वारा डम्प की सामग्री और विस्फोटक बरामद किया गया है।

सैन्य समारोह

छत्तीसगढ़ और ओडिशा उप क्षेत्र द्वारा पांच और छह अक्टूबर को रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में सशस्त्र बल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक भाग लेंगे। वहीं, मध्य कमान और मध्य भारत क्षेत्र के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। भारतीय सेना की ताकत और कौशल का प्रदर्शन करने के लिए विभिन्न इकाइयों और संरचनाओं से तीन सौ से अधिक भारतीय सेना के जवान इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

इस बीच, भारतीय सेना के भीष्म टी–नाइंटी टैंक और अन्य आर्टिलरी का आज रायपुर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। जोरा स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के मुख्य

गेट पर रायपुर कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह और एसएसपी संतोष सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने इनका स्वागत किया। इसके बाद एक रैली के रूप में टैंक और सैन्य उपकरण तेलीबांधा, मरीन ड्राइव, कलेक्टोरेट, जयस्तंभ चौक और आश्रम चौक होते हुए साईंस कॉलेज मैदान पहुंचे। इस रैली को लेकर शहर के नागरिकों में खासा उत्साह देखा गया।

शारदीय नवरात्र

मां शक्ति की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र आज से शुरू हो गया है। आज से लेकर नौ दिनों तक सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में मां शक्ति के विभिन्न रूपों की विशेष पूजा–अर्चना की जाएगी। मंदिरों में आज से घट स्थापना के साथ ही मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। वहीं, चौक–चौराहों में स्थित पंडालों में भी देवी प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर स्थित अपने निवास से डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को नवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि मां काली अन्नदान भंडारा समिति द्वारा श्रद्धालुओं को पिछले नौ वर्षों से लगातार नवरात्रि के मौके पर मां बम्लेश्वरी धाम की निःशुल्क यात्रा कराई जाती है। इस वर्ष भी पांच दिनों तक रोजाना चार बसों के माध्यम से श्रद्धालुओं को मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए भेजा जाएगा।

स्वच्छता ही सेवा–समापन

प्रदेश में सत्रह सितंबर से आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े का कल समापन हो गया। उपमुख्यमंत्री अरुण साव कल बिलासपुर में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के राज्य स्तरीय समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री साव ने स्वच्छता दीदियों के पांव पखारकर उनका सम्मान किया। उन्होंने प्रदेशभर के नगरीय निकायों के स्वच्छताग्राहियों, स्वच्छता दीदियों, स्वच्छता कमांडोज और स्वच्छता पखवाड़े में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न संगठनों को भी सम्मानित किया।

आकाशवाणी–स्थापना दिवस

आकाशवाणी का रायपुर केन्द्र आज अपना बासठवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस केन्द्र का शुभारंभ दो अक्टूबर उन्नीस सौ तिरसठ को हुआ था। आज इस अवसर पर आकाशवाणी परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में उप महानिदेशक और कार्यालय प्रमुख वी. राजेश्वर ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विशेष कार्य करने वाले दस स्वच्छताकर्मियों का सम्मान किया। इस अवसर पर आकाशवाणी के अनेक सेवानिवृत्त एवं वर्तमान में कार्यरत् अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा दक्षिण–पूर्व बांग्लादेश और उसके आसपास स्थित है। वहीं, एक द्रोणिका उत्तर–पूर्व बिहार से उत्तर अंडमान सागर तक बनी हुई है। इसके प्रभाव से अगले चौबीस घंटों में एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास बनने की संभावना है। इसके असर से प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल बीजापुर जिले में दो सौ तिरसठ करोड़ छियासठ लाख रूपये से अधिक की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम में श्री साय पुनर्वास नीति के तहत माओवाद पीड़ित परिवार के आश्रितों को शासकीय नियुक्ति आदेश का वितरण भी करेंगे।

– महाराजा अग्रसेन की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों विशेषकर अग्रवाल समाज के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

– उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कल बिलासपुर के सेंट्रल लाइब्रेरी के फेस–टू में स्मार्ट इंटीग्रेटेड लाइब्रेरी और कैंटीन सुविधा का लोकार्पण किया। डिजिटल लाइब्रेरी में पाठकों को पुस्तकालय में उपलब्ध सभी किताबों का डिजिटल संस्करण मिलेगा।

– जल जीवन मिशन के संचालक डॉक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे ने कांकेर और कोंडागांव जिले में मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

– कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोरबा में जिला खनिज संस्थान न्यास मद से स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में गैस सिलेंडर का वितरण किया। इसके बाद उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में वरिष्ठजनों का सम्मान किया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>